राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

जयपुर, 30 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि विश्व भर में  शांति, अहिंसा और समानता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी युगपुरुष थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर सत्य, न्याय और श्रम के उनके आदर्शो के मार्ग पर चलते हुए 'विकसित भारत' के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

शहीद दिवस पर राजभवन में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वीराज सहित सभी अधिकारी, कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा नमन किया।

----

## राज्यपाल श्री बागडे सार्थक मानव कुष्ठाश्रम पहुंचे

## कहा, पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म

जयपुर, 30 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे गुरुवार को जयपुर स्थित सार्थक मानव कुष्ठाश्रम पहुंचे। उन्होंने वहां पर कुष्ठ रोगियों से संवाद किया और उनके द्वारा आश्रम में निर्मित वस्तुओं का अवलोकन किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कुष्ठ रोग निवारण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कुष्ठ असाध्य रोग नहीं है। सेवा और उचित चिकित्सा के जरिए इस रोग का निवारण किया जा सकता है। उन्होंने कुष्ठ आश्रम के अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्यों, वस्तुओं के उत्पादन और पीड़ित जनों की सहायता के लिए हों रहे कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

----------